**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**

**07.08.2024 के**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2643 का उत्तर**

**कर्नाटक में नई रेल लाइन**

**2643. कुमारी प्रियंका सतीश जर्कीहोली:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) कर्नाटक राज्य के लिए संस्वीकृत नई रेल लाइन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और**

**(ख) उक्त नई रेल लाइनों का कार्य पूरा करने के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) और (ख): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

**********

कर्नाटक में नई रेल लाइन के संबंध में दिनांक 07.08.2024 को लोक सभा में कुमारी प्रियंका सतीश जर्कीहोली के अतारांकित प्रश्न सं. 2643 के भाग (क) और (ख) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): 01.04.2024 की स्थिति के अनुसार, कर्नाटक राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली ₹47,016 करोड़ लागत की 3,840 कि.मी. कुल लंबाई की 31 रेल अवसंरचना परियोजनाएं (21 नई लाइन और 10 दोहरीकरण) योजना/अनुमोदन/निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं, जिनमें से 1,302 कि.मी. लंबाई को कमीशन कर दिया गया है और मार्च, 2024 तक ₹17,382 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। इसमें शामिल हैः-

(i) ₹33,125 करोड़ की लागत पर 2,556 कि.मी. कुल लंबाई की 21 नई लाइन परियोजनाएं, जिनमें से 395 कि.मी. लंबाई को कमीशन कर दिया गया है और मार्च, 2024 तक ₹7,592 करोड़ का व्यय किया गया है

(ii) ₹13,891 करोड़ की लागत वाली 1,284 कि.मी. कुल लंबाई की 10 दोहरीकरण परियोजनाएं, जिनमें से 907 कि.मी. लंबाई को कमीशन कर दिया गया है और मार्च, 2024 तक ₹9,791 करोड़ का व्यय किया गया है।

किसी भी रेल परियोजना का पूरा होना राज्य सरकार द्वारा शीघ्र भूमि अधिग्रहण, वन विभाग के अधिकारियों द्वारा वानिकी स्वीकृति, अतिलंघनकारी जनोपयोगी सेवाओं को स्थानांतरित करना, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, क्षेत्र की भूविज्ञानी और स्थलाकृतिक परिस्थितियां, परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, जलवायु परिस्थितियों के कारण परियोजना स्थल विशेष के लिए एक वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजना के समापन समय को प्रभावित करते हैं। उपरोक्त बाध्यताओं के बावजूद, परियोजना(परियोजनाओं) को तेजी से पूरा करने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

वर्ष 2014 से, कर्नाटक राज्य में निधि आबंटन और परियोजनाओं के लिए तदनुरूपी कमीशनिंग में पर्याप्त वृद्धि हुई है, जो निम्नानुसार है:-

| अवधि | औसत परिव्यय | 2009-14 के दौरान औसत आबंटन के संबंध में वृद्धि |
|---|---|---|
| 2009-14 | ₹835 करोड़/वर्ष | - |
| 2023-24 | ₹7,561 करोड़ | 9 गुना |
| 2024-25 | ₹7,559 करोड़ | 9 गुना |

**कर्नाटक राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं की कमिशनिंग निम्नानुसार है:-**

| अवधि | कमीशन किया गया कुल रेलपथ | कमीशन किया गया औसत रेलपथ | 2009-14 के दौरान औसत आबंटन के संबंध में वृद्धि |
|---|---|---|---|
| 2009-14 | 565 किलोमीटर | 113 किलोमीटर/वर्ष | - |
| 2014-24 | 1,633 किलोमीटर | 163 किलोमीटर/वर्ष | 1.44 गुना |

******